प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- 16वें वित्त आयोग की टीम से राज्य सरकार ने झारखंड के करों में हिस्सेदारी बढ़ाने का किया आग्रह, आयोग के अध्यक्ष ने कहा–राज्य सरकार जल्द संपन्न कराए निकाय चुनाव।
- भाजपा और झामुमो समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ वित्तीय मुद्दों पर की चर्चा, दलों ने वित्तीय सुधारों और विकास की अपील की।
- पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य सरकार से झारखंड में पेसा कानून लागू करने की रखी मांग, कहा– राजनीतिक दबाव में सरकार दिखा रही लापरवाही, जनजातियों में फैलाया जा रहा भ्रम।
- भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस ने जय हिन्द सभा का किया आयोजन, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और केएन त्रिपाठी ने सेना के साहस को सराहा।
- कोडरमा पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह का किया भंडाफोड़, नौ आरोपी गिरफ्तार, 22 मोबाइल फोन, 25 एटीएम कार्ड सहित कई दस्तावेज बरामद।

*******************

झारखंड सरकार ने 16वें वित्त आयोग से करों में राज्यों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग रखी है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि इस तरह की मांग 28 राज्यों ने की है। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई हिस्सेदारी का वर्गीकरण जनसंख्या, क्षेत्रफल, प्रति व्यक्ति आय, वन क्षेत्र, जीएसटी लॉस और कर संग्रहण क्षमता के आधार पर किया जाएगा। चार दिवसीय झारखंड के दौरे के तीसरे दिन आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया ने यह भी स्पष्ट किया कि स्थानीय निकाय चुनाव नहीं होने से केंद्रांश राशि रोकी जा रही है।

*******************

16वें वित्त आयोग की टीम ने रांची में सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों से मुलाकात कर राज्य के वित्तीय मुद्दों पर चर्चा की। सभी दलों ने वित्त आयोग से राज्य के विकास और प्रशासनिक सुधारों पर ध्यान देने का आग्रह किया। भाजपा नेता राकेश सिन्हा ने स्थानीय निकाय चुनाव नहीं कराने और आपदा प्रबंधन पर सुधार की मांग की।

आजसू पार्टी के प्रवीण प्रभाकर ने वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर चिंता जताई और केंद्र की वित्तीय सहायता की पारदर्शिता पर सवाल उठाए। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने केंद्र सरकार से बकाया रॉयल्टी राशि जल्द जारी करने और पर्याप्त सहयोग की उम्मीद जताई।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने आज गुमला में प्रेस वार्ता कर झारखंड में पेशा कानून को अविलंब लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 1996 में बने इस कानून को सरकार राजनीतिक दबाव में लागू नहीं कर रही है। श्री दास ने आरोप लगाया कि विदेशी धर्म मानने वाले लोग जनजातीय समाज में भ्रम फैला रहे हैं और सरकार पर दबाव बना रहे हैं।

*******************

प्रसार भारती–प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो–विजुअल, पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है।

*******************

डालटनगंज में आज भारतीय सेना के सम्मान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने जय हिन्द सभा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर सुबोधकांत सहाय ने कहा कि भारतीय सेना ने हर युद्ध में अदम्य साहस दिखाया है और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सेना को समर्थन दिया है। केएन त्रिपाठी ने पहलगाम हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवादियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सेना की कार्रवाई ने पूरे विश्व में भारत की सैन्य ताकत का डंका बजाया।

*******************

गिरिडीह में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

कोडरमा पुलिस ने आईपीएल समेत अन्य खेलों में ऑनलाइन सट्टेबाजी करने वाले गिरोह का खुलासा किया और नौ लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तारियों के दौरान 22 मोबाइल फोन, 25 एटीएम कार्ड, बैंक दस्तावेज, लैपटॉप और दो डायरी बरामद की, जिसमें पूरे देश के सट्टेबाजी नेटवर्क का हिसाब–किताब था। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि गिरोह रेडी एप के जरिए लोगों को सट्टेबाजी में शामिल करता था और एप का लिंक भेजकर पैसा लगवाता था।

*******************

आज राज्य में सबसे अधिक तापमान डालटनगंज में 37 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहा और यहां सबसे अधिक 13 मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम केंद्र ने कल राज्य के विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना जताई है।

*******************

आईपीएल टी 20 क्रिकेट में आज एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। एलिमिनेटर की विजेता टीम पहली जून को दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स के साथ खेलेगी। यह मैच शाम साढ़े सात बजे मुल्लानपुर मे खेला जाएगा।

*******समाप्त********